झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

विज्ञापन संख्या–04/2018 अंतर्गत **History** विषय हेतु **दिनांक–12.10.2023 एवं दिनांक–13.10.2023** को संपन्न अभिलेख सत्यापन के क्रम में अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों में से मेधाक्रमानुसार कोटिवार रिक्ति के विरूद्ध साक्षात्कार हेतु योग्य पाये जाने वाले **03 गुणा** अभ्यर्थियों हेतु साक्षात्कार **दिनांक–17.10.2023 एवं दिनांक–18.10.2023** को निर्धारित किया गया था। अभिलेख सत्यापन में कोटिवार रिक्ति के 03 गुणा अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होने के कारण इस साक्षात्कार को आयोग के प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–13.10.2023 द्वारा **दिनांक–30.10.2023** एवं **दिनांक–31.10.2023** को पुर्ननिर्धारित किया गया है।

2. विज्ञापन की कंडिका–6(iv) के आलोक में साक्षात्कार हेतु **03 गुणा** अभ्यर्थियों की संख्या सुनिश्चित किए जाने हेतु दिनांक–12.10.2023 एवं दिनांक–13.10.2023 को संपन्न अभिलेख सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को पुनः एक अवसर देते हुए **दिनांक–25.10.2023 एवं दिनांक–26.10.2023** को पूर्वाह्न 10:00 बजे से पुनः अभिलेख सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। साथ ही साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की निर्धारित संख्या सुनिश्चित किए जाने के दृष्टिगत मेधाक्रमानुसार कोटिवार रिक्ति के 05 गुणा अभ्यर्थियों के अलावे आवश्यकतानुसार संख्या में अन्य अभ्यर्थियों को भी उपर्युक्त तिथियों को अभिलेख सत्यापन के लिए बुलाया जा रहा है। इन अभ्यर्थियों की सूची अभिलेख सत्यापन की तिथि सहित एवं अभिलेख सत्यापन हेतु आवश्यक निदेश आयोग के वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।